# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.2.24 | 3 | 1-4 |

• हकृवि प्रबंधक मंडल की 275वीं बैठक, पदोन्नति सूची पत्र जारी करने के आदेश

## एचएयू में 30 शिक्षकों की प्रमोशन, 4 प्रोफेसर व 26 एसो. प्रोफेसर बने, डॉ. खिचड़ डीएसडब्ल्यू

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों की प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति हुई है। इनमें 4 एसोसिएट प्रोफेसरों को प्रोफेसर पद पर व 26 असिस्टेंट प्रोफेसर को एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत किया गया। इसके अलावा छात्र कल्याण निदेशक के पद पर डॉ. मदन खिचड़ व सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता के पद पर डॉ. बीना यादव का चयन हुआ। 3 वैज्ञानिकों का एसोसिएट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। इसी कड़ी में आज पदोन्नत एवं चयनित सूची में शामिल वैज्ञानिकों ने एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात कर कुलपति का आभार व धन्यवाद किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी को बधाई दी।

कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि हकृवि के प्रबंधक मंडल की 275वीं बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल ने समस्त 35 वैज्ञानिकों के पदोन्नत व चयनित सूची संबंधित आदेश पत्र जारी किए, जिसमें छात्र कल्याण निदेशक के पद पर डॉ. मदन खिचड़ व सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता के पद पर डॉ. बीना यादव का चयन हुआ। 4 एसोसिएट प्रोफेसरों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया है, उनमें वानिकी विभाग के डॉ. संदीप आर्य, माइक्रोबॉयोलोजी विभाग के डॉ. बलजीत सिंह सहारण, हॉर्टीकल्चर विभाग के डॉ. राजपाल सिंह दलाल व नवीकरणीय और जैव-ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. यादविका शामिल है। एसोसिएट प्रोफेसर पद पर डॉ. कविता दुआ, डॉ. ओपी बिश्नोई व डॉ. दिलीप बिश्नोई का चयन किया गया है।

### एसोसिएट प्रोफेसर पद पर इनको मिली पदोन्नति

एसोसिएट पद पर सस्य विज्ञान विभाग में डॉ. सत्यजीत, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. विरेंद्र सिंह, डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. अनिल कुमार ढाका, डॉ. अमरजीत, डॉ. मीना सेहवाग, डॉ. भगत सिंह, परिधान एवं वस्त्र विभाग से डॉ. निशा आर्य, डॉ. सरोज यादव, फार्म मशीनरी और पावर इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. अनिल कुमार, सांख्यिकी विभाग से डॉ. मनोज कुमार, व्यवसाय प्रबंधन से डॉ. सुमन गहलावत, डॉ. अमिता गिरधर, कीट विज्ञान से डॉ. तरूण वर्मा, डॉ. महासिंह, अनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग से डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. मेहरचंद कम्बोज, डॉ. सत्यवान आर्य, डॉ. योगेंद्र कुमार, पादप रोग विज्ञान से डॉ. देवव्रत, डॉ. सोमवीर, डॉ. यशपाल सिंह सोलंकी, डॉ. योगेश कुमार जिंदल, मृदा विज्ञान विभाग से डॉ. दिनेश कुमार की पदोन्नति हुई है।

### इससे पहले विश्वविद्यालय में जो पदोन्नति हुई थी, उनमें 5 से 6 वर्ष लगे थे : हौटा प्रधान

हौटा प्रधान डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने विश्वविद्यालय के कुल 30 वैज्ञानिकों की पदोन्नति होने पर कुलपति प्रो. काम्बोज का धन्यवाद जताकर आभार जताया। डॉ. गोदारा ने कहा कि इससे पहले विश्वविद्यालय में जो पदोन्नति हुई थी, उनमें से 5 से 6 वर्ष लगे थे। परंतु अब कुलपति के प्रयासों से तेजी से बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों की पदोन्नति हुई है।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.2.24 | 11 | 4-8 |

# हकृवि में किसानों के लिए एक दिवसीय तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 आयोजित

## कम जमीनों वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई

हिसार, 16 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव आर्य नगर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे। डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि संबंधित समस्या निवारण के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मदद ले सकते हैं। मेले में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के.पाहुजा ने



प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा।

किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने सभी का स्वागत कर किसानों को खेती की तैयारी से लेकर फसल की कटाई के लिए उपलब्ध मशीनें, खेती में उपयोगी नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 में कृषि मशीनीकरण के अंतर्गत छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें किसानों के लिए छोटे ट्रैक्टर-इंजन चालित जुताई तथा निराई-गुड़ाई यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे सुपर सीडर, मलचर व बेलर आदि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया, साथ ही किसानों को इन उपरोक्त विषयों पर जानकारी देकर इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेले में विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से इंजीनियर स्वाप्रिल चौधरी, डॉ. गणेश उपाध्याय, इंजीनियर नरेश, भारत पटेल एव अमित कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे और अपने अपने विषयों पर व्याख्यान दिए। मेले में आर्य नगर सहित समीपवर्ती गांवों के काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इसके अलावा आर्य नगर के स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच कृषि यंत्रीकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। किसानों के मनोरंजन के लिए हरियाणा कला परिषद की ओर से विकास सातरोड़ सहित कलाकारों ने सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि • भूमि | 17 • 2 • 24 | 11 | 2-5 |

## एचएयू में किसानों के लिए तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला लगाया

# आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी का बढ़ा महत्व : डॉ. शर्मा

■ छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव आर्यनगर में शुक्रवार को तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि संबंधित समस्या निवारण के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मदद ले सकते हैं। मेले में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने सभी का स्वागत कर किसानों को खेती की तैयारी से लेकर फसल की कटाई के लिए उपलब्ध मशीनें, खेती में उपयोगी नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा। फोटो : हरिभूमि

तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 में कृषि मशीनीकरण के अंतर्गत छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें किसानों के लिए छोटे ट्रैक्टर-इंजन चालित जुताई तथा निराई-गुड़ाई यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे सुपर सीडर, मलचर व बेलर आदि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया, साथ ही किसानों को इन उपरोक्त विषयों पर जानकारी देकर इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेले में विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से इंजीनियर स्वाप्रिल चौधरी, डॉ. गणेश उपाध्याय, इंजीनियर नरेश, भारत पटेल एव अमित कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17.2.24 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में तकनीकी और मशीनरी प्रदर्शनी में दी कृषि यंत्रों की जानकारी



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि विवि के अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा।

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत गांव आर्य नगर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया।

यह मेला भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। मेले में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 17.2.24 | 4 | 1-3 |

# हकृवि में तकनीकी व मशीनरी प्रदर्शनी मेला आयोजित

हिसार, 16 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी; कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव आर्य नगर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

डा. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों व मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि संबंधित समस्या निवारण के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मदद ले सकते हैं।

मेले में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.के. पाहुजा ने किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। इस अवसर पर मेले में विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से इंजीनियर स्वाप्रिल चौधरी, डा. गणेश उपाध्याय, इंजीनियर नरेश, भारत पटेल एवं अमित कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे।



*प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डा. जीतराम शर्मा।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.2.24 | 4 | 1-2 |

## छोटी जोत वाले किसानों के लिए एचएयू में मशीनों व तकनीकों की लगाई प्रदर्शनी

**माई सिटी रिपोर्टर**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग की ओर से गांव आर्यनगर में तकनीकी-मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

इस दौरान छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें किसानों के लिए छोटे ट्रैक्टर-इंजन चालित जुताई व निराई-गुड़ाई यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे सुपर सीडर, मलचर व बेलर आदि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया। डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी दी। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिये खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है।

कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने सभी का स्वागत कर किसानों को खेती की तैयारी से लेकर फसल की कटाई के लिए उपलब्ध मशीनें, खेती में उपयोगी नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 17.2.24 | 11 | 8 |

## किसानों के लिए मशीनरी प्रदर्शनी मेला आयोजित

हिसार, 16 फरवरी (हप्र)

गांव आर्य नगर में किसानों के लिए तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे। डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि संबंधित समस्या निवारण के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मदद ले सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 17.2.24 | 4 | 5 |

## छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों की प्रदर्शनी

**हिसार|** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव आर्यनगर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे।

डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी के महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 16.02.2024 | -- | -- |

## हकृवि में किसानों के लिए एक दिवसीय तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 आयोजित

समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार, 15 फरवरी।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव आर्य नगर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे। डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि संबंधित समस्या निवारण के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मदद ले सकते हैं। मेले में कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के.पाहुजा ने किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने सभी का स्वागत कर किसानों को खेती की तैयारी से लेकर फसल की कटाई के लिए उपलब्ध मशीनें, खेती में उपयोगी नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 में कृषि मशीनीकरण के अंतर्गत छोटी जोत वाले किसानों के लिए मशीनों व तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें किसानों के लिए छोटे ट्रैक्टर-इंजन चालित जुताई तथा निराई-गुड़ाई यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे सुपर सीडर, मलचर व बेलर आदि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया, साथ ही किसानों को इन उपरोक्त विषयों पर जानकारी देकर इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेले में विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से इंजीनियर स्वाप्रिल चौधरी, डॉ. गणेश उपाध्याय, इंजीनियर नरेश, भारत पटेल एवं अमित कुमार सहित अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे और अपने अपने विषयों पर व्याख्यान दिए। मेले में आर्य नगर सहित समीपवर्ती गांवों के काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इसके अलावा आर्य नगर के स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच कृषि यंत्रीकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। किसानों के मनोरंजन के लिए हरियाणा कला परिषद की ओर से विकास सातरोड़ सहित कलाकारों ने सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर न्यूज | 16.02.2024 | -- | -- |

## किसानों के लिए मशीनों की प्रदर्शनी लगाई



नभ-छोर न्यूज ▸▸ 16 फरवरी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग तथा नवीकरणीय और जैव ऊर्जा इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत चल रही भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की कृषि उपकरण एवं मशीनरी, कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में ऊर्जा परियोजना के तहत गांव आर्य नगर में तकनीकी एवं मशीनरी प्रदर्शनी मेला-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा मुख्य अतिथि रहे। डॉ. जीतराम शर्मा ने आधुनिक युग में कृषि तकनीकों एवं मशीनरी की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनके महत्व को बताया। कृषि यंत्रों व मशीनों के जरिए खेती को न केवल आसान बनाया जा सकता है बल्कि समय व श्रम की बचत के साथ-साथ फसल उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे कृषि संबंधित समस्या निवारण के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की मदद ले सकते हैं। अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने किसानों से संवाद कर कृषि संबंधित समस्याएं जानी और सुझाव दिए। फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विजया रानी ने सभी का स्वागत कर किसानों को खेती की तैयारी से लेकर फसल की कटाई के लिए उपलब्ध मशीनें, खेती में उपयोगी नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोत इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर स्वाप्रिल चौधरी, डॉ. गणेश उपाध्याय, नरेश, भारत पटेल, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।